NAV-BHARAT, Mumbai, 11.6.2024
Page No. 12, Size:(5.44)cms X (8.92)cms.

# बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोपरि



■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान के तहत, पूरे कॉरिडोर के लिए 100 अलग-अलग निर्माण स्थलों पर 'प्रयास' नामक नुक्कड़ नाटक की योजना बनाई गई है. पहला नुक्कड़ नाटक सोमवार को मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन कंस्ट्रक्शन साइट पर आयोजित किया गया था. इस पहल का उद्देश्य, निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के महत्व के बारे में श्रमिकों को जागरूक करना और उन्हें शिक्षित करना है. नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन को प्रमुख सुरक्षा विषयों जैसे उपकरणों के उचित उपयोग, सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं और एक सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने के महत्व को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है.

**हर दिन, 30,000 - 40,000 से अधिक कुशल और अकुशल श्रमिक हमारे निर्माण स्थलों पर योगदान देते हैं. हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बुलेट ट्रेन परियोजना में शामिल इन श्रमिकों की भलाई और सुरक्षा को बढ़ाना है. इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य कार्यबल के बीच सुरक्षा के महत्व को स्थापित करना है.**

*- विवेक कुमार गुप्ता, एनएचएसआरसीएल के प्रबंध*

NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

DAINIK BHASKAR, Mumbai, 11.6.2024
Page No. 3, Size:(11.55)cms X (5.56)cms.

# बुलेट ट्रेन साइट पर नुक्कड़ नाटक से होगी 40 हजार मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित

▪ 100 निर्माण स्थलों पर 'प्रयास' नाटक का मंचन ▪ उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात के मजदूर कर रहे हैं काम

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान के तहत 100 अलग-अलग निर्माण स्थलों पर 'प्रयास' नामक नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) का मंचन करने की योजना बनाई गई है। इस नुक्कड़ नाटक से बुलेट ट्रेन साइट पर काम करने वाले करीब 40 हजार श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। पहले नुक्कड़ नाटक का मंचन सोमवार को मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन कंस्ट्रक्शन साइट पर किया गया।

नेशनल हाई स्पीड रेल के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के महत्व के बारे में श्रमिकों को जागरूक करना और उन्हें शिक्षित करना है। नुक्कड़ नाटक को प्रमुख रूप से सुरक्षा उपकरणों का उचित उपयोग, सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन, आपातकालीन स्थिति सहित एक सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने के महत्व को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। बुलेट ट्रेन साइट पर उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और गुजरात से आने वाले श्रमिक काम कर रहे हैं। उनकी भाषा को ध्यान में रखते हुए नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया जाएगा। यह अभियान अगले छह महीनों तक जारी रहेगा, जिसमें बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर कास्टिंग यार्ड, सुरंग शाफ्ट, निर्माणाधीन स्टेशन, डिपो, ब्रिज और वायाडक्ट शामिल होंगे।



हर दिन, 30,000- 40,000 से अधिक कुशल और अकुशल श्रमिक हमारे निर्माण स्थलों पर योगदान देते हैं। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बुलेट ट्रेन परियोजना में शामिल इन श्रमिकों की भलाई और सुरक्षा को बढ़ाना है। इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य कार्यबल के बीच सुरक्षा के महत्व को स्थापित करना है।

**-विवेक कुमार गुप्ता,** प्रबंध निदेशक, एनएचएसआरसीएल

RAJASTHAN PATRIKA, Ahmedabad, 24.6.2024
Page No. 4, Size:(11.88)cms X (10.13)cms.

### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माण स्थलों पर जागरूकता अभियान

# नुक्कड़ नाटक 'प्रयास' के जरिए 6 हजार से अधिक श्रमिकों को सुरक्षा के बारे में दी जानकारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) की ओर से नुक्कड़ नाटक 'प्रयास' के जरिए 6 हजार से अधिक श्रमिकों को सुरक्षा के बारे में शिक्षित किया गया। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत पूरे एलाइनमेंट के लिए 100 अलग-अलग निर्माण स्थलों पर नुक्कड़ नाटक 'प्रयास' का पहला सत्र पूरा किया गया।

मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन से अहमदाबाद बुलेट ट्रेन स्टेशन तक विभिन्न निर्माण स्थलों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। इन नुक्कड़ नाटकों के आयोजन का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और श्रमिकों को निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के महत्व के बारे में आकर्षक तरीके से शिक्षित करना था।





इन नाटकों को प्रमुख सुरक्षा विषयों को कवर करने के लिए डिजाइन किया गया था। इनमें उपकरणों का उचित उपयोग, सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन, आपात स्थितियों पर प्रतिक्रिया और सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने का महत्व आदि विषय शामिल थे। देश के विभिन्न राज्यों जैसे - उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और गुजरात तथा विविध भाषा बोलने वाले श्रमिकों को ध्यान में रखते हुए नुक्कड़ नाटकों की भाषा को सरल और समझने में आसान रखा गया था।

## 6 महीने तक चलेगा अभियान

यह अभियान अगले 6 महीनों तक जारी रहेगा। इस दौरान बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर कास्टिंग यार्ड, सुरंग शाफ्ट, निर्माणाधीन स्टेशन, डिपो, पुल और वायडक्ट पर नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया जाएगा। एनएचएसआरसीएल के प्रबंध निदेशक विवेककुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे निर्माण स्थलों पर हर दिन हजारों कुशल और अकुशल श्रमिक काम करते हैं। यह अभियान बुलेट ट्रेन परियोजना के कार्यबल के बीच सुरक्षा की एक मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देने का काम कर रहा है।

## Nukkad Natak for workers safety along the Bullet Train Corridor

# कामगारांना नाटकातून सुरक्षेचे धडे

**मुंबई :** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रकल्पाचे बांधकाम सुरू असलेल्या विविध १०० ठिकाणी कुशल व अकुशल कामगार कार्यरत आहेत. या कामगारांना सुरक्षाविषयक धडे देण्यासाठी बुलेट ट्रेन प्रकल्पाच्या बांधकाम स्थळी 'प्रयास' नाटकाचे सादरीकरण करण्याचे नियोजन आहे. वांद्रे-कुर्ला संकुल (बीकेसी) स्थानकाच्या ठिकाणी नुकताच या नाटकाचा पहिला प्रयोग झाला. आता ठाणे, पालघरमध्ये या नाटकाच्या माध्यमातून कामगारांना सुरक्षेचे धडे देण्यात येणार आहेत, अशी माहिती एनएचएसआरसीएलचे व्यवस्थापकीय संचालक विवेक कुमार गुप्ता यांनी दिली.

**To bring awareness about safety among the workers from 100 different spots of the ongoing Bullet train project, Prayas' street play will be performed on Monday.**

# बुलेट ट्रेन प्रकल्पस्थळी नुक्कड नाटक सादरीकरण

## कामगार सुरक्षिततेसाठी जगजागृती मोहीम

म. टा. वृत्तसेवा

**पालघर :** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रकल्पाच्या बांधकामस्थळी, कामगारांच्या सुरक्षिततेसाठी जनजागृती मोहिमेचा एक भाग म्हणून संपूर्ण कॉरिडॉरमध्ये १०० वेगवेगळ्या कामाच्या ठिकाणी 'प्रयास' नावाचे नुक्कड नाटक सादर करण्याचे नियोजन करण्यात आले आहे. मुंबई बुलेट ट्रेन स्थानकाच्या जागेवर सोमवारी पहिले नाटक रंगणार आहे.

या उपक्रमाचा उद्देश बांधकामस्थळांवरील सुरक्षिततेच्या महत्त्वाविषयी जागरूकता वाढविणे आणि कामगारांना आकर्षक पद्धतीने शिक्षित करणे हा आहे. उपकरणांचा योग्य वापर, सुरक्षा मार्गदर्शक तत्त्वांचे पालन, आपत्कालीन प्रतिसाद प्रक्रिया आणि सुरक्षित कामाचे वातावरण राखण्याचे महत्त्व यासारख्या प्रमुख सुरक्षा विषयांचा समावेश करण्यासाठी सादरीकरणांची रचना केली जात आहे. महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, आणि पश्चिम बंगाल यासारख्या देशाच्या विविध भागांतील आणि वैविध्यपूर्ण भाषांची पार्श्वभूमी असलेल्या कामगारांसाठी सादरीकरण सुलभ असावे हे लक्षात घेऊन पथनाट्यांची भाषा साधी-सोपी ठेवली जात आहे. सुरक्षिततेचे संदेश प्रभावीपणे पोहोचवण्यासाठी पथनाट्यांमध्ये नाटक, विनोद आणि संबंधित दृश्यांचा समावेश केला जात आहे.



कास्टिंग यार्ड, बोगद्याचे खांब, निर्माणाधीन स्थानके, आगार, पूल आणि वायडक्ट यांचा समावेश असलेल्या बुलेट ट्रेन कॉरिडॉरवर पुढील सहा महिने ही मोहीम सुरू राहणार असल्याचे सांगण्यात आले. 'दररोज ३० हजार ते ४० हजारांहून अधिक कुशल आणि अकुशल कामगार बुलेट ट्रेनच्या बांधकाम साइटवर योगदान देत असतात. बुलेट ट्रेन प्रकल्पात सहभागी असलेल्या या कामगारांचे कल्याण आणि सुरक्षा वाढविणे हे आमचे सर्वोच्च प्राधान्य आहे. या मोहिमेद्वारे, कामगारांमध्ये सुरक्षिततेचे महत्त्व रुजवण्याचे आमचे उद्दिष्ट आहे', असे एनएचएसआरसीएलचे व्यवस्थापकीय संचालक विवेक कुमार गुप्ता यांनी 'मटा'ला सांगितले.

LOKMAT- HELLO MUMBAI, Mumbai, 23.6.2024
Page No. 4, Size:(5.11)cms X (8.11)cms.

**Bullet train project workers were at sensitised through plays at 100 locations.**

# 'बुलेट ट्रेन'च्या कामगारांना सुरक्षिततेची दिली माहिती



बुलेट ट्रेन प्रकल्पातील कामगारांना सुरक्षिततेची माहिती देण्यात आली.

लोकमत न्यूज नेटवर्क

**मुंबई :** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रकल्पाच्या बांधकामस्थळी कामगारांच्या सुरक्षिततेसाठी जनजागृती मोहिमेचा एक भाग म्हणून नॅशनल हायस्पीड रेल कॉर्पोरेशनतर्फे संपूर्ण कॉरिडॉरमध्ये १०० वेगवेगळ्या ठिकाणी 'प्रयास' या नुक्कड नाटकाचे प्रयोग सादर करण्यात आले. पथनाट्याद्वारे मुंबई स्थानक ते अहमदाबाद स्थानकापर्यंतच्या सहा हजारांहून अधिक कामगार / श्रमिकांना सुरक्षिततेचे प्रशिक्षण देण्यात आले.

उपकरणांचा योग्य वापर, सुरक्षा मार्गदर्शक तत्त्वांचे पालन, आपत्कालीन प्रतिसाद प्रक्रिया आणि कामाच्या ठिकाणी सुरक्षित वातावरण राखण्याचे महत्त्व यासारख्या प्रमुख सुरक्षा विषयांबद्दल कामगारांमध्ये जनजागृती करण्यात आली. उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र आणि गुजरात आदी राज्यांतील आणि बहुभाषिक पार्श्वभूमी असलेल्या कामगारांना हे शिक्षण समजावे यासाठी सोप्या भाषेतून पथनाट्य सादर केले.

पथनाट्यांमध्ये विनोदी संवाद आणि तद्संबंधित दृश्यांचा समावेश होता. ही मोहीम पुढील सहा महिने सुरू राहणार आहे, अशी माहिती नॅशनल हायस्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेडचे व्यवस्थापकीय संचालक विवेक कुमार गुप्ता यांनी दिली.

DIVYA BHASKAR, Vadodara, 23.6.2024
Page No. 5, Size:(10.66)cms X (5.11)cms.

**Safety training to 6 thousand bullet train workers**

# બુલેટ ટ્રેનના 6 હજાર શ્રમિકને સલામતીનું પ્રશિક્ષણ




**વડોદરા।** અમદાવાદ મુંબઈ બુલેટ ટ્રેન પ્રોજેક્ટ માં કામ કરતા કર્મચારીઓને સલામતી સુનિશ્ચિત કરવા જાગૃતિ અભિયાન ના ભાગરૂપે નેશનલ હાઈ સ્પીડ કોર્પોરેશન લિમિટેડ દ્વારા વિવિધ કાર્ય સ્થળ ઉપર શેરી નાટકનું આયોજન કરવામાં આવ્યું હતું પ્રયાસ નામના શેરી નાટક દ્વારા 6,000 થી વધુ કામદારોને બાંધકામ સ્થળ ઉપર સલામતીના મહત્વ વિશે પ્રશિક્ષિત કરવામાં આવ્યા હતા ગુજરાત બહારથી આવેલા પશ્ચિમ બંગાળ મહારાષ્ટ્ર બિહાર યુપીના શ્રમજીવીઓને સરળ રહેતી માટે તેમની ભાષામાં નાટક ભજવવામાં આવ્યો હતું.